प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 01.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- झारखंड समेत पूरे देश में तीन नये आपराधिक कानून लागू, पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए तकनीक पर विशेष जोर।

2- संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हो रही है चर्चा, सत्ता पक्ष और विपक्ष में आरोप– प्रत्यारोप जारी।

3- भाजपा ने संताल परगना में आदिवासियों की घटती संख्या पर जतायी चिंता, राज्य सरकार से एसआईटी गठित कर जांच कराने की मांग।

4- मौसम विभाग ने देवघर, दुमका और गोड्डा समेत राज्य के 13 जिलों में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

**********************

तीन नये आपराधिक कानून– भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज से झारखंड समेत पूरे देश में लागू हो गये हैं। सरकार ने इस बारे में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं और वे नये कानूनों को लागू करने से संबंधित प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता सृजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इन नये कानूनों में प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर फैसला सुनाने तक की समय–सीमा निर्धारित की गयी है। इससे त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

पेश है एक रिपोर्ट

**********************

संसद के दोनों सदनों में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। लोकसभा में बीजेपी सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने चर्चा में भाग लेते हुए पिछले दस वर्षों में लोगों के कल्याण और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सरकार द्वारा की गई पहल की सराहना की। इससे पहले, जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, संसद से देश को एक संदेश जाना चाहिए कि नीट का मुद्दा संसद के लिए महत्वपूर्ण है। इसपर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि संसद की कार्यवाही कुछ नियमों और परंपराओं के आधार पर चलती है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के बाद ही कोई चर्चा होनी चाहिए। उधर, राज्यसभा में चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोकतंत्र अहंकार से नहीं चलता है।

**********************

विपक्षी इंडिया गठबंधन ने सरकारी एजेंसी – प्रवर्तन निदेशालय और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए आज संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी और विपक्षी दलों के अन्य वरिष्ठ नेता भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

**********************

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 30 रुपये की कटौती की है। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बदलाव आज से लागू हो जाएगा।

**********************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए ने पुनः परीक्षा के बाद आज एक हजार 563 परीक्षार्थियों के संशोधित परिणाम घोषित कर दिए। नए नतीजों के बाद एनटीए ने सभी परीक्षार्थियों के रैंक भी संशोधित किए है। एनटीए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सभी परीक्षार्थियों के संशोधित स्कोर कार्ड उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसमें कहा गया है कि पात्र एक हजार 563 परीक्षार्थियों में से 813 परीक्षार्थियों ने दोबारा परीक्षा दी। परीक्षार्थी exams.nta.ac.in/NEET पर लॉगइन करके संशोधित स्कोर कार्ड देख सकते हैं।

**********************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संताल परगना में आदिवासियों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की है। दुमका में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार की जनगणना के आंकड़े के अनुसार 1951 में संताल परगना में ट्राइबल की जनसंख्या 44 दशमलव छह सात प्रतिशत थी, जो 2011 में घटकर 28 दशमलव एक–एक प्रतिशत रह गयी है। श्री मरांडी ने राज्य सरकार से इस मामले की जांच एसआईटी से कराने की मांग की।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

**********************

पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क के इलाके में आज से अगले तीन महीने तक के लिए पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगा दी गयी है। दरअसल, बरसात के मौसम में वाइल्ड लाइफ ब्रीडिंग करते हैं और इनकी संख्या में बढ़ोतरी होती है। यही कारण है कि हर वर्ष एक जुलाई से 30 सितंबर तक यहां पर्यटन गतिविधियां बंद कर दी जाती हैं।

**********************

कोडरमा जिले में निर्माणाधीन एनएच के कारण कई इलाकों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि फोरलेन निर्माण के साथ नाला निर्माण में बरती गई लापरवाही के कारण तिलैया बाईपास में कमोबेश हर इलाके में जल जमाव की स्थिति है। खासकर नरेश नगर में नाला निर्माण नहीं होने के कारण खाली पड़े भूभाग में जमा पानी अब घर में भी घुसने लगा है। स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव ने भी फोरलेन निर्माण में कंपनी पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यहां न तो गुणवत्ता का ध्यान रखा गया और न ही लोगों की सुविधा का।

**********************

रेलवे सुरक्षा बल ने हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन से 15 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर ने बताया कि आरपीएफ रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के जरिये बनाई गई फ्लाइंग टीम ने आरपीएफ पोस्ट हटिया के साथ मिलकर ऑपरेशन नारकोस के तहत यह कार्रवाई की है।

**********************

रांची पुलिस ने एक बड़ा सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। पुलिस की टीम ने चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक होटल में छापेमारी कर नौ लड़कियों समेत 11 लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें होटल का मालिक और मैनेजर भी शामिल है। पकड़ी गयी ज्यादातर लड़कियां बंगाल की बतायी जा रही हैं। सभी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

**********************

रामगढ़ जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से अगले दो दिन भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने राजधानी रांची के अलावा संताल परगना के देवघर, गोड्डा और दुमका के अलावा पश्चिम बंगाल से सटे इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश की वजह से पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में 9 डिग्री तक की गिरावट आयी है।

*******समाप्त**********